एक नजर में

मुनिपुंगव सुधासागर महाराज ने रचा नया इतिहास

बुरहानपुर। संपूर्ण भारतवर्ष में मनाये जाने वाले रक्षाबंधन पर्व पर मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के छत्रपति नगरए दलाल बाग में चातुर्मास कर रहे जगत् पूज्य मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ की प्रेरणा से रक्षाबंधन पर्व कथा के अनुसार 2 लाख श्री फ्त; नारियल द्ध चढ़ाकर रक्षाबंधन पर्व को श्रमण संस्कृति रक्षा दिवस के रूप में मनाया गया। बुरहानपुर से डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती एवं श्रीमती इन्द्रा जैन भारती ने सहभागिता की। श्री दिगंबर जैन धर्म प्रभाव न समिति के प्रमुख उद्योगपति श्री मनीष गोधा ने भारतीय दंपती का अभिनंदन किया। डा.सुरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि आज के ही दिन हजारों वर्ष पूर्व मुनि विष्णु कुमार ने श्री अकंपनाचार्य सहित 700 मुनियों की रक्षा की थी और राजा बलि को सन्मार्ग पर लाया था। जगत्पूज्य मुनिपुंगव श्री सुधा सागर की महाराज ने इंदौर में यह इतिहास बनाया है अब तक भारतवर्ष में एक साथ इतने श्रीफ्ल से कभी पूजा नहीं की गई। पूजा में चढ़ाये गये यह श्रीफ्ल देश की विभिन्न गौशालाओं में गायों के भोजन हेतु भेजे जाएंगे । इस तरह पूजा करने वालों को पुण्य लाभ और गौसंरक्षण का लाभ मिलेगा। लगभग एक लाख भक्तों ने इस पूजा को देखा। एक सौ बाईस देशों में सीधा प्रसारण किया गया। जगत पूज्य मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने प्रवचन में बताया कि अपना जीवन सुरक्षित रखना हो ,आरोग्य के साथ रहना हो तो श्रवण संस्कृति संरक्षण का भाव सभी को रखना चाहिए ।जो समाज अपने साधुओं की रक्षा माता.पिता का संरक्षण एवं गौ का पालन करता है वह कभी दीन, दुखी एवं दरिद्र नहीं होता। रक्षाबंधन पर्व पूजा का संचालन अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन विद्वत् परिषद् के संरक्षक ब् बाल ब्रह्मचारी प्रदीप जैन ,सुयश प्रतिष्ठाचार्य ने किया। ब्र.सुनील भैया ,पंडित अशोक शास्त्री, पंडित जितेन्द्र शास्त्री आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

मारवाड़ी युवा मंच ने की दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता

बुरहानपुर। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच शाखा बुरहानपुर के तत्वावधान में मंच परिवार के सदस्यों के लिए दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन मंच अध्यक्ष शुभम जैन के नेतृत्व में सुभाष स्कूल स्थित बैडमिंटन कोर्ट पर किया गया। मंच के प्रचार मंत्री रामकुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में मंच परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अशोक बागड़ी, आकाश जैन एवं सुनील जैन ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अंकित तोदी, कार्तिक जैन एवं आयुष पहाड़िया रहे, जबकि तृतीय स्थान पियूष पाटनी, वैभव लोढ़ा एवं ध्वज लाठ ने प्राप्त किया। समापन अवसर पर मंच के पूर्व अध्यक्ष दामोदर तोदी एवं मंच कोषाध्यक्ष राजकरण बोथरा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मंच के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठजन एवं मंच के सदस्य उपस्थित रहे। मंच सचिव दिलीप कासलीवाल ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों, मंच सदस्यों एवं बैडमिंटन कोर्ट के प्रभारी का आभार व्यक्त किया।

दो गायक कलाकारों को मुकेश सम्मान प्राप्त

बुरहानपुर। जीवन में संगीत का बहुत ही महत्व है बिना संगीत के जीवन अधूरा हैएजो संगीत में खो जाता हैं उस के सारे दुख दर्द दूर हो जाते हैं,बिना संगीत अधूरा जीवन' एयह विचार संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी द्वारा आयोजित मुकेश जी की 50 वी पुण्य तिथि के अवसर पर विशेष अतिथि के रूप उपस्थित सेवासदन कॉलेज बुरहानपुर के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर अग्रवाल समाज के प्रमुख सतीश अग्रवाल ने व्यक्त किए। इस अवसर पर लालबाग हाईस्कूल के अध्यक्ष एवं सेवा सदन शिक्षा समिति के संचालक सुखलाल महाजन ने भी संगीत साधना संस्था की प्रशंसा की,इस अवसर पर समाजसेवी एवं व्यवसाई आजम राही एवं डॉक्टर राजीव चपोरकर भी उपस्थित थे। स्वर सम्राट मुकेश माथुर जी की 50 वी पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लगभग 23 गायक कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी,इस अवसर पर लॉटरी ड्रॉ सिस्टम के माध्यम से दो सम्मान पुरस्कार प्रदान किए गए,जिस में दिलीप कटीयारे एवं प्रदीप तिवारी को सम्मान पत्र खुला उस का सभी ने अभिवादन किया एवं संस्था द्वारा सम्मान किया गया। संस्था अध्यक्ष विलास गोसावी ने इस अवसर पर मुकेश जी को याद किया तुम अगर साथ देने का वादा करो इस गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की गई । इस दौरान संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी के उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, सैयद शकील मुन्ना भाई,सचिव रवि पांडे, दिलीप जोशी,पूनमचंद पांडे, ठाकुर वीरेंद्र सिंह चित्रकार, मधुकर वाघले, वासुदेव चौधरी, प्रकाश बर्वे सहित संस्था सदस्य उपस्थित थे।

6 सितंबर के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों की बैठक

बुरहानपुर। राष्ट्रीय साहू तेली महासंगठन, दिल्ली का राष्ट्रीय अधिवेशन 6 सितंबर को उज्जैन में होने जा रहा है। इसकी पूर्व तैयारियों एवं समाज की अधिकाधिक भागीदारी को लेकर बुरहानपुर जिला अध्यक्ष राजेश साहू के नेतृत्व में उनके अरवाचीन स्कूल के पास स्थित निवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि तेली समाज का इतिहास गौरवशाली परंपरा से जुड़ा हुआ है। बैठक में संरक्षक गोपाल साहू, सचिव दिलीप साहू, उपाध्यक्ष राजू साहू, उपाध्यक्ष संजय साहू,युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष विजय राठौर, मनोज लक्कडवाला, युवा नेता पवन साहू,कोषाध्यक्ष संतोष साहू, मीडिया प्रभारी मुकेश साहू,संगठन मंत्री शैलेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

रक्षाबंधन मना, आज से भादौ और रामदेव बाबा के 25 दिवसीय उपवास शुरू

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर/नेपानगर। रक्षाबंधन के दूसरे दिन से भादो माह की शुरुआत के साथ ही लोकदेवता रामदेव जी बाबा के प्रति आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं के 25 दिवसीय उपवास प्रारंभ होंगे। भादो माह में बाबा रामदेव जी की आराधना का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इस दौरान श्रद्धालु पूरे श्रद्धा भाव के साथ उपवास रखते हुए बाबा की पूजा अर्चना, भजन, कीर्तन, धार्मिक गतिविधियों में सहभागिता करेंगे।

रामदेवजी बाबा मंदिर समिति नेपानगर अध्यक्ष अशोक करोसिया ने बताया भादो माह के प्रारंभ के साथ ही नेपानगर व आसपास के क्षेत्रों में रामदेव जी बाबा के भक्तों में विशेष उत्साह और धार्मिक वातावरण देखने को मिलेगा। श्रद्धालु अपनी श्रद्धानुसार 25 दिनों तक उपवास, संयम का पालन करते हुए बाबा की भक्ति में लीन रहेंगे। यह धार्मिक क्रम भादो माह की दशमी तक चलेगाए जिसे रामदेव

बाबा की समाधि दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। करोसिया बताया कि भादो माह के इन पावन दिनों में नेपानगर स्थित रामदेव जी बाबा मंदिर में भी श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ेगी। मंदिर में नियमित रूप से पूजा, अर्चना, बाबा की आराधना की जाएगी। आसपास के ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन,पूजा, अर्चना के लिए मंदिर पहुंचेंगे।

21 सितंबर को होगा जम्मा जागरण:- भादौ माह के समापन अवसर पर मंदिर समिति द्वारा विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 21 सितंबर 2026 की रात 9 बजे से जम्मा जागरण प्रारंभ होगाए जिसमें श्रद्धालु पूरी रात बाबा की भक्ति में भजनए कीर्तनए जागरण करेंगे। यह आयोजन 22 सितंबर की सुबह 4 बजे बाबा की महाआरती के पश्चात संपन्न होगा।

इसके बाद 22 सितंबर को सुबह 10 बजे रामदेव जी बाबा का नेजा ध्वजा चढ़ाया जाएगा। धार्मिक परंपरा के अनुसार नेजा चढ़ाने के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रामदेव जी बाबा मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक करोसिया ने भादो माह व 25 दिवसीय उपवास के अवसर पर कहाए भादो माह बाबा रामदेव जी के भक्तों के लिए विशेष आस्था और भक्ति का समय है। इस दौरान श्रद्धालु अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार उपवास रखते हैं तथा बाबा की आराधना करते हैं।

उन्होंने कहा कि बाबा रामदेव जी के प्रति श्रद्धा रखने वाले सभी भक्तों के लिए यह 25 दिन भक्ति,संयम और आध्यात्मिक साधना के दिन हैं। हम सभी को इस पावन अवसर पर आपसी भाईचार, प्रेम और सद्भाव के साथ बाबा की आराधना करनी चाहिए। बाबा रामदेव जी सभी भक्तों पर अपनी कृपा बनाए रखें और क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करें।

अशोक करोसिया ने श्रद्धालुओं से अपील की कि भादो माह के दौरान अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचकर बाबा के दर्शन करें और धार्मिक आयोजनों में सहभागिता करें। उन्होंने विशेष रूप से 21 सितंबर के जम्मा जागरण, 22 सितंबर को नेजा चढ़ाने के कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से शामिल होने का आग्रह किया। भादो माह की शुरुआत के साथ ही नेपानगर में बाबा रामदेव जी की भक्ति और आस्था का यह धार्मिक सिलसिला प्रारंभ होगा, जो भादो दशमी तक श्रद्धा, उत्साह के साथ जारी रहेगा।

त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ लगातार कर रहे पेट्रोलिंग

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए एवं त्योहारों को देखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम में पैदल फुट पेट्रोलिंग करते हुए अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में अति.पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे,नगर पुलिस अधीक्षक विनोद सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में समस्त थानाध्चौकी प्रभारियों द्वारा दिनांक 28/08/2026

को थानाध्चौकी क्षेत्र में पैदल फुट पेट्रोलिंग भ्रमण किया, भ्रमण के दौरान मुख्य चौराहों, बाजार, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन,सार्वजनिक स्थानों होटल ढाबों लॉज आदि की औचक चैकिंग करते हुए अवैध रूप से जमाबड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी समझाइश दी गई एवं त्योहार के चलते मार्केट में अत्यधिक भीड़भाड़ होने के कारण ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू चलाया गया। फुट पेट्रोलिंग के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने के संबंध में किया जा रहा है लोगों को जागरूक। बुरहानपुर पुलिस की आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बचपन प्ले स्कूल के बच्चों ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी ऑटो चालकों और पोस्टमैन को बांधा रक्षा सूत्र

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। रक्षा बंधन के पावन अवसर पर बचपन प्ले स्कूल बुरहानपुर के नन्हे.मुन्ने बच्चों ने एक अनोखी पहल की। छात्रों ने थ्रेड्स ऑफलव थीम के तहत शहर के कम्युनिटी

हेल्पर्स को राखी बांधकर उनका सम्मान किया। बच्चों ने ट्रैफिक पुलिस जवानों, ऑटो चालकों और पोस्टमैन को रक्षा सूत्र बांधा और उन्हें मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बच्चों ने बताया कि ये सभी हमारे समाज के असली हीरो हैं, जो दिन.रात हमारी सेवा में लगे रहते हैं। स्कूल की संचालिका अभिलाषा सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में बचपन से ही सभी के प्रति सम्मानए प्रेम और सामाजिक जागरूकता की भावना विकसित करना है। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफउपस्थित रहा।

शहर में कलश वंदन यात्रा का किया स्वागत

नवभारत न्यूज, नेपानगर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से निकाली गई दो दिवसीय कलश वंदन यात्रा गुरूवार को नेपानगर पहुंची। यात्रा का नेपानगर में स्वागत किया गया। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में यह कलश वंदन यात्रा निकाली गई।

समरसता संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस यात्रा रूट नावरा, डाभियाखेड़ा रहा। यहां से वह नेपानगर पहुंची। सीता नहानी से होते हुए असीरगढ़ स्थित शिव मंदिर और फिर धुलकोट पहुंचकर यात्रा का समापन किया गया।

नेपानगर में पूर्व नपाध्यक्ष राजेश चौहान, पूर्व नपा उपाध्यक्ष विजय यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष सरला काटकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण काटकर, संजय जाधव सहित अन्य मौजूद रहे।

72 माला गायत्री मंत्र जप और साधना से साधकों ने लिया आत्मशुद्धि का संकल्प

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार के 11 गायत्री साधकों ने गुरुपूर्णिमा से प्रारंभ होकर आज 28 अगस्त पूर्णिमा तक चलने वाला एक माह का कठिन चांद्रायण व्रत पूर्ण किया। साधकों ने पूरे माह कठोर साधनाए संयमित आहार और नियमित गायत्री मंत्र जप के माध्यम से आत्मशुद्धि एवं अनुशासन का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

चांद्रायण व्रत के अंतर्गत साधकों ने प्रतिदिन 72 माला गायत्री मंत्र का जप किया। अनुष्ठान का प्रारंभ निर्धारित विधि के अनुसार एक निवाले के आहार से हुआ। अमावस्या के दिन जल ग्रहण करते हुए मौन साधना की गई। इसके बाद चंद्रमा की कलाओं के अनुरूप धीरे.धीरे आहार

की मात्रा बढ़ाते हुए पूर्णिमा तक 15 निवाले तक आहार लिया गया और पुन: आहार की मात्रा घटाते हुए एक निवाले तक लाई गई।

श्रावणी पूर्णिमा के अवसर पर साधना का विधिवत समापन हुआ। साधकों ने दूध, दही, घी, गौमूत्र, गंगाजल शहद हल्दी भस्म आदि दस स्नान से पंचामृत एवं पवित्र स्नान किया। इसके पश्चात 108 गायत्री मंत्रों की आहुति देकर गायत्री महायज्ञ संपन्न किया गया। अंत में गौमाता को श्रद्धापूर्वक गौग्रास अर्पित किया गया।

गायत्री परिवार के साधक दीपक कापड़िया ओर नितिन मोड़ें ने बताया कि चांद्रायण व्रत केवल आहार का संयम नहींए बल्कि मनए वाणी और विचारों को अनुशासित करने वाली साधना है। एक माह की कठिन दिनचर्याए संयमित आहारए मंत्रजप और साधना से साधकों में आत्मविश्वासए अनुशासन एवं सकारात्मक जीवनशैली का विकास होता है। इस अवसर पर सुरेश चौधरी ने संदेश दिया कि संयमित जीवन, सात्त्विक आहार, नियमित साधना और सद्विचारों को अपनाकर व्यक्ति जीवन को अधिक स्वस्थ, अनुशासित और ऊर्जावान बना सकता है।

चांद्रायण व्रत पूर्ण करने वाले 11 साधकों का यह अनुशासन और साधना समाज के लिए प्रेरणादायी संदेश है कि जहां संकल्प दृढ़ हो, वहां कठिन साधना भी साध्य बन जाती है। मनीष श्रीवास्तव, दीपक कापड़िया सुरेश चौधरी, मनोज तिवारी, मेघराज महाजन नितिन मोड़ें रवि कुमार सहित अन्य जिलों से लोग आए।

भाजपा सरकार जनता की नहीं यह पूंजीपति, उद्योगपतियों की सरकार : महाजन

नवभारत न्यूज, नेपानगर। यह जनता की नहीं, बल्कि पूंजीपति और उद्योगपतियों की सरकार है। किसानों को उनकी उपज के दाम सही नहीं मिल रहे हैं, इसके बजाए रेट बढ़ रहे हैं। यह बात शुक्रवार दोपहर ग्राम नावरा में ग्रामीण कांग्रेस की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक खींद्र महाजन ने कही।

दरअसल बढ़ती महंगाई को देशभर में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जारी है। इसके तहत क्षेत्र के ग्राम नावरा में भी शुक्रवार दोपहर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। गांव में हाट बाजार होने से इस दिन यह आयोजन किया गया ताकि अधिक से अधिक लोगों

को जागरूक किया जा सके। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया।

पूरे देश में कांग्रेस ने हल्ला बोला,जनता सिखाएगी सबक:- ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व विधायक रविंद्र महाजन ने कहा कि पूरे देश में महंगाई के खिलाफकांग्रेस का हल्ला बोल अभियान चल रहा है। शक्कर 35 रुपये किलो मिलती थी, लेकिन आज इसके दाम 70 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। किसान भी परेशान हैं, क्योंकि फर्टिलाइजर, गैस सिलेंडर, बिजली के दाम बढ़ा दिए गए हैं। किसानों की आय बढ़ने की बजाए घट रही है। जिले में पोटाश, सल्फेट के दाम बढ़े हैं। वहीं दवाईयां भी मंहगी हो गई है। यह सरकार बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाना चाहती है।

गांव में घूमी रैली, कहा, जनता जवाब दे:- कांग्रेस नेताओं ने गांव में रैली निकाली। इस दौरान हाट बाजार भी लगा था। कांग्रेस नेता हाथों तख्तियां लेकर चले जिस पर नारे लिखे थे। वहीं इस दौरान कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र पाटील ने कहा कि महंगाई के खिलाफ रैली निकालने से लोगों को पता चलेगा कि विपक्ष में रहकर कोई उनकी आवाज उठा रहा है। इसी तरह निर्मला जावकर ने कहा कि राखी के समय मिठाई महंगी हो गई है, ऐसे में आम जनता त्योहार कैसे मनाएगी। इस दौरान काफी संख्या में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता,पदाधिकारी मौजूद थे।

कमिश्नर को फिर से हाईकोर्ट में हाजिर होने के आदेश

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। म.प्र.आदिम जाति कल्याण विभाग के तत्कालीन कमिश्नर नरोत्तम सिंह वरकडे को न्यायालय की अवमानना का नोटिस दिए जाने के बावजूद और दिनांक 25/08/2026 को हाईकोर्ट में स्वयं उपस्थित रहने का आदेश देने के बावजूदए ना तो तत्कालीन कमिश्नर नरोत्तम सिंह वरकडे' उपस्थित हुए और न ही वर्तमान कमिश्नर तरूण राठी उपस्थित हुए। इसके बाद, हाईकोर्ट ने

दोबारा 31 अगस्त को उन्हें स्वयं हाईकोर्ट में उपस्थित रहने के पुन: दिनांक 26/08/2026 को आदेश जारी किए। याचिकाकर्ता शिक्षिका बुरहानपुर की श्रीमती अनीता जैन ,लोदले की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता गिरीश कुमार अग्रवाल ;जो अधिवक्ता मनोज कुमार अग्रवाल के बड़े भाई है, ने आदेश की जानकारी देते हुए बताया कि सेवा बहाली और प्रथम नियुक्ति दिनांक 03/01/2022 से अब तक का संपूर्ण वेतन लाभ अदा करने के हाईकोर्ट के आदेश दि.10/12/2024 का पालन नहीं करने पर मण्प्रण् हाईकोर्ट इंदौर खंडपीठ ने, दूसरी बार प्रस्तुत अवमानना याचिका में, जनजाति कल्याण विभाग के कमिश्नर को व्यक्तिगत रूप से हाईकोर्ट में दिनांक 31/08/2026 को उपस्थित रहने के दूसरी बार आदेश जारी किए हैए इससे पहले मा.हाईकोर्ट ने पूर्व में दिनांक 25/08/2026 को उपस्थित रहने के आदेश दिए थे।

एक नजर — अर्चना चिटनिस ने किया दौलतपुरा और शाह बाजार वार्डों का औचक निरीक्षण

सफाई, जलापूर्ति और मूलभूत सुविधाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : विधायक चिटनिस

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। नगर में स्वच्छताए नियमित जलापूर्ति और नागरिकों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुचारु रूप से उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। नागरिकों को अपनी रोजमर्रा की सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़े, इसके लिए नगर निगम प्रशासन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाए। यह निर्देश पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने दौलतपुरा, नया मोहल्ला एवं शाह बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों के औचक निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अधिकारियों को दिए।

चिटनिस ने वार्डों में पैदल भ्रमण कर मौके पर साफसफाईए नालियोंए सड़कोंए जलापूर्ति तथा अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय रहवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

दौलतपुराए नया मोहल्ला एवं शाह बाजार क्षेत्र के रहवासियों ने श्रीमती चिटनिस को वार्ड में साफसफाई से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। नागरिकों ने डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को और बेहतर बनाने, नियमित सफाई कराने तथा विभिन्न स्थानों पर जमा गंदगी को तत्काल हटाने की मांग रखी। श्रीमती चिटनिस ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित न

रहे,बल्कि प्रत्येक वार्ड में नियमित एवं समयबद्ध रूप से दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने नगर निगम प्रशासन को सफाई व्यवस्था में कसावट लाने तथा वार्डवार निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने में नगर निगम के साथ नागरिकों की सहभागिता भी महत्वपूर्ण है। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करने का आग्रह करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

बहते नलों और पानी की बर्बादी को लेकर दिए सख्त निर्देश:- निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नलों में टोटियां नहीं होने के कारण पानी व्यर्थ बहता दिखाई दिया। इसे गंभीरता से लेते हुए श्रीमती चिटनिस ने नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल की एक.एक बूंद महत्वपूर्ण है। जहां नलों में टोटियां नहीं हैं, वहां तत्काल टोटियां लगाई जाएं और पानी के अनावश्यक बहाव को रोका जाए। साथ ही जलापूर्ति व्यवस्था को नियमित एवं व्यवस्थित रखने के लिए आवश्यक निगरानी की जाए।

सड़कों के गड्ढों का तत्काल भराव एवं निर्माण कार्यों में तेजी के निर्देश:- स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र की सड़कों पर जगह.जगह बने गड्ढों की समस्या भी श्रीमती चिटनिस के समक्ष रखी। नागरिकों ने गड्ढों का तत्काल भराव कराने के साथ ही आवश्यकतानुसार सड़कों के निर्माण की मांग की। श्रीमती चिटनिस ने मौके पर सड़कों की स्थिति का निरीक्षण किया और नगर निगम अधिकारियों को गड्ढों का शीघ्र भराव कराने तथा आवश्यक स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से डॉ.आंबेडकर वार्ड एवं शाहबाजार क्षेत्र के मार्गों के निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि वार्डों में नागरिकों की रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान के लिए छोटे.छोटे कार्यों में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नगर निगम प्रशासन को झोनल टेंडर के अंतर्गत वार्ड स्तर पर आवश्यक छोटे कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाली, सड़क, जलापूर्ति, सफाई अथवा अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित छोटी समस्या यदि समय पर दूर कर दी जाए तो वह आगे चलकर बड़ी समस्या नहीं बनती। इसलिए अधिकारियों को वार्ड स्तर पर लगातार निरीक्षण करते हुए समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती चिटनिस ने बाई साहब की हवेली से राजघाट की ओर जाने वाले मार्ग का भी जायजा लिया। उन्होंने मार्ग के दोनों ओर बनी नालियों को कवर करते हुए सड़क के चौड़ीकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश नगर निगम अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण मार्गों पर आवागमन को सुगम बनाने के साथ.साथ जल निकासी और स्वच्छता की व्यवस्था भी व्यवस्थित होना आवश्यक है। इस दिशा में संबंधित अधिकारी स्थल का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

नागरिकों से सीधे संवाद कर जानी जमीनी हकीकत:- श्रीमती अर्चना चिटनिस ने निरीक्षण के दौरान केवल अधिकारियों से जानकारी लेने के बजाय स्थानीय रहवासियों से सीधे संवाद कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जानी। नागरिकों ने भी अपनी समस्याएं और आवश्यकताएं खुलकर उनके समक्ष रखीं। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि जनप्रतिनिधि और प्रशासन का वास्तविक मूल्यांकन जनता को मिलने वाली सुविधाओं से होता है। इसलिए वार्डों में नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनना और उनका समयबद्ध समाधान करना आवश्यक है। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनकी मॉनिटरिंग की जाए तथा किए गए कार्यों की नियमित समीक्षा भी हो।

इस दौरान नगर निगमायुक्त संदीप श्रीवास्तवए पार्षद संभाजीराव सगरे, आशीष शुक्ला, धनराज महाजन, विपुल कानूनगो, श्रीमती उमा कपूर, शिवकुमार पासी, किशोर कामठे, अक्षय मोरे, श्रीमती संध्या कदवाने, प्रकाश तायडे, मोहन रायसरदार, बंटी मार्शल, गणेश सिंगोतिया, प्रेमदा सिंगोतिया सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।